**अपने विद्यालय से छुट्टी लेने के संबंध में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

---

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाध्यापक महोदय,
आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल,
नई दिल्ली।

विषय: छुट्टी के संबंध में प्रार्थना-पत्र।

महाशय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं ए. के. कुमार आपके आपके विद्यालय का एक नियमित छात्र हूँ। और कल से मेरी तबियत थोड़ी ख़राब है। विद्यालय से लौटते वक्त तेज धूप लगने से थोड़ा बुख़ार लग गया है। इस वजह से मैं और दो दिन विद्यालय में अनुपस्थित रहूँगा।

अतः आपसे नम्र निवेदन है कि मुझे दो दिन की छुट्टी देने की कृपा प्रदान करें। इसके लिए मैं आपका सदा आभारी बना रहूँगा।

**आपका आज्ञाकारी छात्र**
नाम: ए. के. कुमार
कक्षा: नवम
क्रमांक संख्या: 01
दिनांक: ../../….

**सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए जिसमें आप अपने क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए प्रदूषण के प्रति चिंता प्रकट करें।**

---

गुरुग्राम,
दिल्ली
18 जनवरी, 2021

सेवा में,
सम्पादक महोदय,
दैनिक भास्कर, नई दिल्ली

विषय: दिन-प्रतिदिन बढ़ती हुई प्रदूषण की समस्या के सम्बंध में।

महाशय,

मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र का एक नियमित पाठक हूँ। मैं इस समाचार-पत्र के माध्यम से अपने क्षेत्र में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति की ओर सरकार तथा दूसरे अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। आशा है कि आप इसकी गंभीरता पर ध्यान देते हुए आवश्यक समाचार अपने पत्र में प्रकाशित करेंगे।

हमारे क्षेत्र में इतनी घनी आबादी है कि यहाँ पर्यावरण-प्रदूषण बहुत बढ़ गया है। इस क्षेत्र के सामने ही कई कारख़ाने भी हैं। यहाँ औद्योगिकीकरण की प्रवृत्ति बढ़ती चली जा रही है। अतः शुद्ध वायु मिलना भी दूभर होता जा रहा है।

इसी प्रकार जल-प्रदूषण, ध्वनि-प्रदूषण तथा भू-प्रदूषण के परिणाम भी बहुत भयंकर हो गए हैं। इन सब प्रदूषणों के कारण हमारा जीना कठिन हो गया है। नित्य नए रोग उत्पन्न होने लगे हैं।

प्रदूषण से बचने के लिए हमारी आवासीय क्षेत्र में घने पेड़ लगाए जाने चाहिए। इस प्रकार सड़क के किनारे पर भी वृक्ष होने चाहिए। प्रदूषण रोकने के लिए और भी कठोर नियम बनाए जाएँ।

भवदीय
ए. के. कुमार